उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों की पिराई क्षमता कम होने के कारण नुकसान

*73. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष के दौरान देश में गन्ने की कुल कितनी पैदावार हुई तथा इसका राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में चालू वर्ष के दौरान चीनी मिलों की गन्ना पिराई की क्षमता कम होने के कारण अधिक मात्रा में गन्ने का उपयोग नहीं किया जा सका और इसके कारण किसानों को बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ा;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन किसानों को उनके नुकसान की क्षतिपूर्ति करने पर विचार किया है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

खाद्य मंत्री तथा नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव): (क) कृषि मंत्रालय द्वारा किए गए अग्रिम अनुमान के अनुसार चालू वर्ष 1995-96 के दौरान गन्ने का राज्यवार उत्पादन दर्शाने वाला विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार दिनांक 16.6.1996 की रिपोर्ट के अनुसार चीनी मिलों ने उस समय तक वर्तमान मौसम 1995-96 में 471 लाख टन की एक रिकार्ड मात्रा की पिराई कर ली थी। जबकि पिछले समस्त मौसम अक्तूबर, 1994 से सितम्बर, 1995 तक के दौरान 383 लाख टन गन्ने की पिराई हुई थी।

(ग) और (घ) पिछले दस वर्षों के दौरान चीनी फैक्ट्रियों द्वारा एक वर्ष में गन्ने की पिराई का अधिकतम प्रतिशत 35.8 था। बाकी गन्ने का पारम्परिक उपयोग एक हजार से भी अधिक खांडसारी इकाइयों तथा एक बड़ी संख्या में गुड़ उत्पादकों द्वारा किया गया है। इसके अतिरिक्त 10 से 12 प्रतिशत गन्ने का उपयोग बीच तथा सीधे उपयोग के लिए किया जाता है। तथापि, चालू वर्ष में मध्य जून तक ही चीनी फैक्ट्रियों द्वारा गन्ने की पिराई पहले ही 41 प्रतिशत से अधिक हो गई थी। कुछ चीनी फैक्ट्रियां अभी भी कार्यरत हैं तथा चीनी उत्पादक इकाइयों द्वारा गन्ने की पिराई का सापेक्ष प्रतिशत अभी भी उच्चतर हो सकता है।

विवरण

वर्ष 1995-96 के दौरान गन्ने के उत्पादन का राज्यवार अग्रिम अनुमान

(लाख टन में)

राज्य	गन्ना उत्पादन
1. आन्ध्र प्रदेश	143.49
2. असम	15.14
3. बिहार	56.67
4. गुजरात	98.00
5. हरियाणा	75.00
6. हिमाचल प्रदेश	0.26
7. जम्मू और काश्मीर	0.10
8. कर्नाटक	275.60
9. केरल	5.00
10. मध्य प्रदेश	20.00
11. महाराष्ट्र	442.80
12. उड़ीसा	11.99
13. पंजाब	91.80
14. राजस्थान	9.58
15. तमिलनाडु	284.00
16. उत्तर प्रदेश	1128.39
17. पश्चिम बंगाल	10.52
18. अन्य	5.50
अखिल भारत	2673.84

Agarias of Kutch

*74. SHRI K.M. KHAN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to certain reports which appeared in some columns of the Press recently indicating the plight of Agarias of Kutch (Gujarat);

(b) if so, the details thereof;

(c) whether the profession of Agarias is full of risks to their lives at all times;

(d) whether Government propose to take some steps to ensure comfortable and human living of these Agarias;

(e) if so, details thereof; and

(f) if not, the reasons therefor?